तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

## खबर संक्षेप

### छात्रा से छेड़छाड़ का मामला, गिरफ्तार

**झलप।** ग्राम छिलपावन स्थित मिडिल स्कूल में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों द्वारा थाना पटेवा में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पटेवा पुलिस ने प्राप्त शिकायत के आधार पर आरोपी सागर धीवर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75(2) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में रिमांड पर प्रस्तुत किया है।

### धान संग्रहण केंद्र के क्लर्क से मारपीट

**महासमुंद।** धान संग्रहण केंद्र के क्लर्क से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार धान संग्रहण केंद्र अर्जुंडा में क्लर्क सोमनाथ जायसवाल 3 फरवरी को लगभग 7:30 बजे ईंट भट्ठा केंदूढार की ओर से मोटर सायकल से सूरज उर्फ सरोज बारीक एवं अरविंद प्रधान के साथ वापस पतेरापाली आ रहा था। ग्राम बालसी में रोहित रात्रे के घर के पास आग जल रहा था, तो वह आग तापने के लिए रूका। मौके पर ग्राम बालसी का भरत रात्रे भी उपस्थित था, जो वहां आग तापने को लेकर विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपी ने डंडे से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** यात्री प्रतीक्षालय के पास एक युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जितेश दास मानिकपुरी (15 साल) अपने दोस्त रणवीर एवं गुलशन के साथ ईवास स्कूल के सामने बने यात्री प्रतिक्षालय के पास बातचीत कर रहा था। लगभग 10:30 बजे के आसपास डोंगरीपारा झिलमिला के शिवा आया, जो अपने हाथ में डंडा रखा था और तीनों को देखकर बिना कारण गाली-गलौज करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से जितेश दास के साथ मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज किया गया है।

### पटवारी कार्यालय से राजस्व दस्तावेज चोरी

**महासमुंद।** पटवारी कार्यालय से राजस्व दस्तावेज चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पटवारी की रिपोर्ट पर तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जितेंद्र कुमार तावरकर ने बताया कि वह हल्का नंबर 21 में पटवारी के पद पर पदस्थ है और उसके पास हल्का नं 16 मुख्यायलय घोंच का अतिरिक्ता प्रभार भी है। वह अतिरिक्तप प्रभार मुख्या लय घोंच को में 20 जनवरी को काम करने बाद शाम करीबन 5 बजे बंद किया था। इसके बाद उसने 31 जनवरी की सुबह करीबन 11 बजे ग्राम घोंच के कोटवार शिवनारायण सोनवानी के साथ मुख्यादलय का दरवाजा का ताला खोलकर अंदर देखा तो अंदर में सामान बिखरा पड़ा था। मिलान करने पर मुख्यादलय में स्थित खसरा पांचशाला खंड 01 वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक ग्राम घोंच का 03 नग खसरा पांचशाला, ग्राम घोघरा का 02 नग खसरा पांचशाला एवं ग्राम हनुमानडीह का 01 नग खसरा पांचशाला एवं खसरा पांचशाला खंड 02 वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक ग्राम घोंच का 04 नग खसरा पांचशाला एवं ग्राम हनुमानडीह का 01नग खसरा पांचशाला कुल खंड 01 एवं खंड 02 का 11 नग खसरा पांचशाला नहीं था। उक्त दस्तावेजों को किसी अज्ञात चोर द्वारा मुख्या1लय के पीछे के दरवाजे में लगी कुंडी को तोड़कर कुल 11 नग खसरा पांचशाला को चोरी कर लिया गया।

---

**आयोजन :** श्रद्धा, संस्कृति और संगीत के संगम के साथ सिरपुर महोत्सव का भव्य समापन

# सिरपुर के ऐतिहासिक धरोहरों की विशेष पहचान : सांसद रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आज भव्य एवं गरिमामयी समापन समारोह सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी शामिल हुए।

मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सिरपुर ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर है। सिरपुर की प्राचीन विरासत, बौद्ध विहारों, मंदिरों और ऐतिहासिक धरोहरों ने इसे विश्व पटल पर विशेष स्थान दिलाया है। यहां आयोजित सिरपुर महोत्सव हमारी गौरवशाली परंपराओं, सभ्यता और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। जो युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से सिरपुर को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए जिला प्रशासन, आयोजन समिति एवं सभी सहयोगी संस्थाओं की सराहना की।



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सिरपुर हमारी आस्था, संस्कृति और इतिहास का जीवंत प्रतीक है। यह भूमि हमें हमारी गौरवशाली विरासत से जोड़ती है। सिरपुर महोत्सव के माध्यम से हमारी लोक कला, लोक संस्कृति और परंपराओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि सिरपुर महोत्सव से क्षेत्र के पर्यटन, रोजगार एवं स्थानीय कला को नई पहचान मिली है। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। स्काउट एवं गाइड संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि सिरपुर केवल एक ऐतिहासिक नगरी नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के सफल आयोजन पर शासन, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक टीम, कलाकारों एवं आमजन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव हमारी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास है। सभी के सहयोग, अनुशासन एवं उत्साह से यह आयोजन सफल एवं यादगार बना।

इस अवसर पर विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड संघ इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, भारत स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, सिरपुर सरपंच पुष्पा के माली, डिलेश्वरी चंद्राकर, जितेंद्र सिंह, ओमप्रकाश चौधरी, महेंद्र सिक्का, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही अतिथियों द्वारा कॉफी टेबल बुक एवं महासमुंद जिले की दो वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया गया।

### इंडियन आइडल फेम कलाकारों की प्रस्तुति से गूंज उठा सिरपुर



**महासमुंद।** सिरपुर महोत्सव के द्वितीय दिवस आयोजित संगीतमय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को कला, संस्कृति और संगीत की विविध विधाओं से रूबरू कराया। पूरे दिन एवं रात्रि तक चले कार्यक्रमों में शास्त्रीय, सूफी, भक्ति, लोक एवं आधुनिक संगीत का सुंदर संगम देखने को मिला, जिससे महोत्सव परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा। रात्रि सत्र में इंडियन आइडल फेम कलाकारों की विशेष प्रस्तुति महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहा। रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक इंडियन आइडल सीजन 10 के नितिन कुमार, सीजन 12 के नचिकेत लेले एवं सुप्रसिद्ध गायिका वैशाली रायकवार ने अपनी सुमधुर, सशक्त एवं भावपूर्ण आवाज़ से मंच पर समां बांध दिया। तीनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत बॉलीवुड, सूफी, भक्ति एवं आधुनिक गीतों ने श्रोताओं को भावनाओं के विभिन्न रंगों से परिचित कराया। मधुर प्रेम गीतों पर दर्शक झूमते नजर आए तो भक्ति और सूफी रचनाओं पर वातावरण श्रद्धा और शांति से भर उठा। आधुनिक गीतों की प्रस्तुति के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों और दर्शकों के बीच आत्मीय संवाद भी देखने को मिला। कलाकारों ने सिरपुर की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता की सराहना करते हुए यहाँ प्रस्तुति देने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा दर्शकों के प्रेम और समर्थन के लिए आभार प्रकट किया।

### सांसद रूपकुमारी चौधरी ने परिवार सहित की महानदी की आरती



**महासमुंद।** सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के पावन अवसर पर प्रति दिवस महानदी तट पर शाम 7 :30 बजे दिव्य महानदी आरती का आयोजन किया जा रहा है। आज अंतिम दिन इस आध्यात्मिक आयोजन में समापन अवसर के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी परिवार सहित शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, राज्य बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, येतराम साहू , आनंद साहू शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि ओ.पी. चौधरी, सिरपुर गंधेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट दाऊ लाल चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु, पर्यटक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलन किया तथा श्रद्धा भाव से महानदी आरती संपन्न की। महानदी आरती के दौरान संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि एवं मधुर भक्ति संगीत से भक्तिमय हो उठा। महानदी के पावन तट पर प्रज्ज्वलित सैकड़ों दीपों की आलोकित आभा, जल तरंगों पर झिलमिलाती रोशनी और सामूहिक आरती का भव्य एवं दिव्य दृश्य उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर गया। संपूर्ण वातावरण श्रद्धा, भक्ति और शांति से परिपूर्ण हो उठा।

### महानदी आरती में श्रद्धा भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम



**महासमुंद।** सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के पावन अवसर पर प्रति दिवस महानदी तट पर शाम 7.30 बजे दिव्य महानदी आरती का आयोजन किया गया। दूसरे दिन इस आध्यात्मिक आयोजन में महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि ओपी चौधरी, सिरपुर गंधेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दाऊ लाल चंद्राकर, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा, डीएमसी रेखराज शर्मा, सरपंच सिरपुर पुष्पा के. माली सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु, पर्यटक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया तथा श्रद्धा भाव से महानदी आरती संपन्न की। महानदी आरती के दौरान संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि एवं मधुर भक्ति संगीत से भक्तिमय हो उठा। महानदी के पावन तट पर प्रज्ज्वलित सैकड़ों दीपों की आलोकित आभा, जल तरंगों पर झिलमिलाती रोशनी और सामूहिक आरती का भव्य एवं दिव्य दृश्य उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर गया। संपूर्ण वातावरण श्रद्धा, भक्ति और शांति से परिपूर्ण हो उठा।

### सिरपुर महोत्सव में गूंजी राजा भरथरी की गाथा



**महासमुंद।** ऐतिहासिक एवं पुरातत्व स्थल सिरपुर में सिरपुर महोत्सव का भव्य आयोजन 1 फरवरी से 3 फरवरी को आयोजित हो रही है। जिसमें प्रथम दिन का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध भरथरी, लोक गायिका हिमानी वासनिक राजनांदगांव व उनकी टीम राकेश सिन्हा, नानू निर्मलकार, दिनेश कुमार सोनबोईर, हेमराज कुमार द्वारा भरथरी लोकगाथा की प्रस्तुति की गई। भरथरी लोकगायिका हिमानी वासनिक ने जिला प्रशासन व पूरे कार्यकारणी सदस्यों को बधाई व धन्यवाद दिया। प्रथम दिवस पर प्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक संस्था धरोहर राजनांदगांव महादेव हिरवानी कृत व रंग झांझर रायपुर सुनील तिवारी कृत व मुख्य आकर्षक में बाबा हंसराज बॉलीहुड पार्श्व गायन टीम की प्रस्तुति रही। आयोजन के प्रथम दिन में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे तथा अध्यक्षता सांसद रूप कुमारी चौधरी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरी नन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद निखिल कांत उपस्थित रहे।

---

# तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पर स्थित ओंकारबंद में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 जीटी 5630 एलपीजी सिलेंडरों से लदा हुआ महासमुंद से बागबाहरा की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन की गति काफी अधिक थी। इसी दौरान सड़क पार कर रहे अशोक कुमार विश्वकर्मा (40 वर्ष), जो ओंकारबंद के ही निवासी थे, वाहन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अशोक सिर के बल सड़क पर गिरे और गंभीर चोट आने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतक एक अत्यंत गरीब परिवार से संबंधित थे। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया और उसे खल्लारी थाने में खड़ा कर दिया।



#### ग्रामीणों का आक्रोश और प्रदर्शन

हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर वाहन अक्सर निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज चलाए जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ओंकारबंद के सरपंच दुष्यंत चन्द्राकर ने बताया कि प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी, जिसके कारण आज एक व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी।

#### प्रशासन की कार्रवाई

चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस बल और बागबाहरा की नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। स्थिति को बिगड़ते देख और मृतक की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, नायब तहसीलदार ने तत्काल सहायता के रूप में मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की पूरी जांच की जाएगी और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

# सिरपुर महोत्सव में प्राचीन धार्मिक आस्था को आहत करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माघी के अवसर पर आयोजित सिरपुर महोत्सव के दौरान प्राचीन धार्मिक आस्था और गंधेश्वर महादेव मंदिर की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमर अरुण चन्द्राकर ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि माघी पूर्णिमा जैसे अत्यंत पावन और धार्मिक महत्व के पर्व पर सिरपुर जैसे प्राचीन तीर्थ स्थल में हजारों श्रद्धालु गंधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन हेतु पहुंचते हैं। सिरपुर केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि जीवंत धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है, जहां सदियों से चली आ रही आस्थाएं और परंपराएं आज भी जनमानस से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सिरपुर महोत्सव के आयोजन के दौरान मंदिर की धार्मिक गरिमा, श्रद्धालुओं की आस्था और स्थानीय धार्मिक भावनाओं की अनदेखी की गई।





साथ ही उन्होंने प्रशासन से जानना चाहा है कि स्थानीय प्रतिनिधियों के द्वारा सुझाए गए शराब दुकानें बंद रखने, लक्ष्मण मंदिर में ती दिन के लिए निःशुल्क आवाजाही सहित कई सुझावों को दरकिनार क्यों किया गया। उन्होंने कहा है कि उक्त महोत्सव के लिए आवंटित एवं प्राप्त राशि को भी सार्वजनिक किया जाए। उन्होनें बजट से अधिक खर्च होने की बात कहते हुए कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय जनभावनाओं की रक्षा की दिशा में यह उनकी सार्थक पहल होगी।

---

**बाइक रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा**

# यूजीसी के नए नियमों के विरोध में उतरा सवर्ण समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता के नाम पर लागू किए गए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के खिलाफ सवर्ण समाज महासमुंद ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को समाज के सैकड़ों युवाओं और प्रबुद्धजनों ने शहर में एक विशाल बाइक रैली निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया।

रैली के पश्चात कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार जुगल किशोर पटेल के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सवर्ण समाज का कहना है कि 13 जनवरी से प्रभावी हुए यूजीसी के नए नियम भेदभावपूर्ण हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से नियम 3(सी) का उल्लेख किया गया है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, यह नियम केवल एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के खिलाफ होने वाले भेदभाव को ही शिकायत के दायरे में रखता है। इसका सीधा अर्थ यह है कि सामान्य वर्ग के छात्र और प्राध्यापक, यदि किसी प्रकार के जातिगत दुर्व्यवहार या भेदभाव का शिकार होते हैं, तो उन्हें इस नियम के तहत शिकायत करने का अधिकार नहीं दिया गया है। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि यह नया कानून भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 21 के तहत मिलने वाले मौलिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा, न्याय की तराजू सबके लिए बराबर होनी चाहिए। यदि किसी कानून में केवल एक पक्ष को सुना जाए और दूसरे को अपनी बात रखने का हक ही न हो, तो वह प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है।



#### झूठे मामलों की आशंका

रैली में शामिल लोगों ने चिंता जताई कि इस नियम की आड़ में सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें मानसिक और शैक्षणिक रूप से प्रताड़ित किया जा सकता है। समाज की मांग है कि यूजीसी की 2026 की नियमावली को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। नियमों में संशोधन कर सामान्य वर्ग को भी शिकायत करने और निष्पक्ष जांच का अधिकार दिया जाए। दोषी पाए जाने पर ही कार्रवाई हो, लेकिन झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ भी सख्त प्रावधान हों।

#### शांतिपूर्ण प्रदर्शन और एकजुटता

बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां समान अधिकार-समान न्याय के नारे लगाए गए। सवर्ण समाज ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर केंद्र सरकार और यूजीसी पुनर्विचार नहीं करते हैं, तो यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के प्रमुख पदाधिकारी, युवा विंग के सदस्य और बड़ी संख्या में महिला सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कल कलेक्टर कार्यालय घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ "मनरेगा बचाओ संग्राम" के तहत 5 फरवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय महासमुंद का घेराव एवं धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने की साजिश के तहत लाए गए वीबी जीरामजी विधेयक को तत्काल वापस लिया जाए तथा मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों की आजीविका का सबसे बड़ा सहारा है, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा लगातार इसके बजट, रोजगार दिवस और अधिकारों में कटौती की जा रही है, जिससे ग्रामीण जनता भारी संकट में है। धरना-प्रदर्शन के पश्चात कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मंडल-सेक्टर-बूथ स्तर के कार्यकर्ता, निर्वाचित एवं पूर्व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी कांग्रेसजनों एवं आम जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आंदोलन को सफल बनाएं।

**खबर संक्षेप**

## आंगनबाड़ी लाफिन कला में हुआ नेवता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** पोषण आहार अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में किए जा रहे नेवता भोज कार्यक्रम के क्रम में ग्राम पंचायत लाफिन कला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व जन सहयोग से नेवता भोज का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लाफिन कला के सरपंच राधेश्याम साहू, सचिव माधुरी सूर्यवंशी, पंचगण, डूमन लाल साहू, गुंजा साहू, पूर्व सरपंच हेमीन पटेल, पूर्व पंच रोशनी वैष्णव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऋषिबाई साहू, सोहद्रा साहू, सहायिका तिजिया निषाद, झामिन निषाद, ग्रामीण तारा पटेल, सोनम पटेल, अमेरिका पटेल, अंजनि पटेल का विशेष सहयोग रहा।

## रूपाली को मुख्यमंत्री दिया टैबलेट

**महासमुंद।** सिरपुर महोत्सव प्राचीन सांस्कृतिक ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहर का उत्सव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूल शिक्षा विभाग के स्टॉल अवलोकन में रूपाली डोंगरे कक्षा सातवीं शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रायतुम, श्रवण बाधित, सामग्री टेबलेट का वितरण किया। स्टॉल में लगे कृषि आधारित मॉडल, सड़क में पशुओं से संबंधित मॉडल एवं एआई मॉडल का अवलोकन किया। जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, विधायक साजा ईश्वर साहू भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, सीएसी धरम पटेल एवं शिक्षकों और बच्चों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



## पीसीएस अंपायरों की कार्यशाला

**सरायपाली।** फुलझर क्रिकेट संघ के अंपायरों की कार्यशाला ग्रीन वैली में आहूत की गई। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा की गयी। इस दौरान पीसीएस उपाध्यक्ष युधिष्ठिर साहू, सचिव चूड़ामणि साहू, संयुक्त सचिव खीतिपति साहू, देवदत्त बारीक, नूराधन साहू पीसीएस पदाधिकारी मौजूद थे।

## यूजीसी समता नियम के समर्थन में सर्व एससी एसटी ओबीसी समाज लामबंद

**महासमुंद।** यूजीसी समता नियम को लेकर देशभर में हो रही चर्चा के बीच जिला के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के सामाजिक प्रमुखों की संयुक्त बैठक साहू सदन बीटीआई रोड में हुई। छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा ने राजपत्र में प्रकाशित यूजीसी समता नियम को विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में एससी एसटी ओबीसी समाज के छात्रों व कर्मचारियों के साथ होने वाले जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए कारगर होगी। बैठक को दीपक साहू, द्रोण चंद्राकर, मुन्ना साहू, एसपी ध्रुव, दिनेश बंजारे, डमरू मांझी, मीना वर्मा, विजय बंजारे, सुरेंद्र ठाकुर, टोमन कागजी एम एल ध्रुव, कल्पना सूर्यवंशी, बीपी मेश्राम, योगेश साहू ने भी संबोधित किया।

**सम्मेलन : मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 47 वां वार्षिक अधिवेशन हुआ, प्रदीप बने नगर इकाई अध्यक्ष**

# शिक्षा पर विशेष ध्यान दे समाज : फरोदिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई का वार्षिक अधिवेशन ग्राम बागबाहरा कला में संपन्न हुआ। 47 वें वार्षिक अधिवेशन के विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रवि फरोदिया, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज चंदखुरी राज के राज प्रधान चिन्ता राम वर्मा, चंदखुरी राज के राज मंत्री राम कुमार वर्मा, सचिव नरेंद्र वर्मा, केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य करण वर्मा, कैलाश वर्मा, केंद्रीय महिला कार्यकारणी सदस्य डॉ चंद्रकला वर्मा, इकाई अध्यक्ष उत्तम वर्मा, महिला अध्यक्ष पानु वर्मा मंचस्थ रहे।

विशिष्ट अतिथि रवि फरोदिया ने अपने उद्बोधन में समाज को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देते हुए बच्चों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। राजप्रधान चिंताराम वर्मा ने सामाजिक नियमों की जानकारी देते हुए सामाजिक एकता मजबूत करने एवं संगठित होकर कार्य करने की बात कहते हुए केंद्रीय अधिवेशन में शादी समारोह में डी जे पर पाबंदी, प्री वेडिंग शूट पर पाबंदी, शादी में डिब्बा बंद उपहार पर रोक, मृत्यु पर केवल 5 पीतांबरी वस्त्र, विशेष मृत्यु भोज पर पाबंदी सहित सभी बनाए गए नियमों की जानकारी दोहराते हुए कड़ाई से लागू करने की बात कही।

**नगर इकाई अध्यक्ष बने प्रदीप वर्मा-** प्रतिवेदन एवं अतिथियों के उद्बोधन पश्चात नगर इकाई महासमुन्द के अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने अपने कार्यकाल की समाप्ति पर इकाई कार्यकारिणी को भंग किया। तत्पश्चात राजप्रधान द्वारा नए अध्यक्ष का मनोनयन या निर्वाचन प्रक्रिया की हेतु खुला मंच आयोजित कर सामाजिक सदस्यों से प्रस्तावक एवं समर्थकों के द्वारा नाम मंगाए गए।



समाज के सदस्यों ने एकराय होकर मनोनयन प्रक्रिया पर सहमति व्यक्त की एवं कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके प्रदीप वर्मा को नगर इकाई महासमुंद का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनयन पश्चात चंदखुरी राज के राजमंत्री रामकुमार वर्मा द्वारा समाज में निष्ठापूर्वक कार्य करने एवं सामाजिक एकता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों द्वारा समाज के नए अध्यक्ष का तिलक लगाकर एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदीप वर्मा ने समाज के प्रत्येक ग्राम प्रमुखों से संपर्क बनाकर एक एक सामाजिक सदस्य से राय लेकर समाज को संगठित रखने एवं चंदखुरी राज में महासमुन्द इकाई की बात प्रमुखता से रखने की बात कही।

अधिवेशन में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें एकल नृत्य में छाया वर्मा ने सरस्वती वंदना, श्रेया वर्मा ने स्वागत गीत तथा वासु वर्मा, कुमुंद वर्मा, रुद्र वर्मा, मोक्ष वर्मा, ट्विंकल वर्मा एवं साथियों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों के प्रदर्शन को सराहते हुए अतिथियों ने सभी बच्चों को नगद पुरस्कार प्रदान किया। कक्षा दसवीं में 86% अंक प्राप्त करने वाली स्वेच्छा वर्मा को एवं कराते में नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली शैली वर्मा को समाज द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंदखुरी राज के क्षेत्रप्रधान, नगर इकाई महासमुंद के सभी ग्राम प्रमुखगण ग्राम बागबाहरा कला से रोशन लाल वर्मा, बागबाहरा शहर से भूषण लाल सिरमोर, खोपली से तोरण वर्मा, लोंदामुड़ा से नरेंद्र वर्मा, नवागांव से मनहरण वर्मा, झलप से आलोक नायक, तेंदूलोथा से देवनाथ वर्मा, नंदकिशोर वर्मा, रामखिलावन वर्मा, टोपू वर्मा, भोज वर्मा, ईश्वर वर्मा, लेखु वर्मा, आशु वर्मा, बलराम वर्मा, मनबोध वर्मा, बलदाऊ वर्मा, तेजराम वर्मा, सनत वर्मा, नरेंद्र वर्मा, हरदेव वर्मा, सोनू वर्मा, नेमीचंद वर्मा, संतु वर्मा, भारती वर्मा, नीतू वर्मा, दुर्गा वर्मा, राधा वर्मा, करुणा पैकरा, पार्वती वर्मा, उमा वर्मा, देहुती वर्मा, कमला वर्मा, मीना वर्मा, किरण वर्मा, भुवन वर्मा, राजेंद्र वर्मा (जनपद), नीरज वर्मा, रामदयाल वर्मा, भगवती वर्मा, प्रदीप वर्मा, राजेंद्र वर्मा, डीपी वर्मा, उपेंद्र बघमार, शारदा प्रसाद बिजौरा, ऋषि वर्मा, नंदकुमारी वर्मा, चित्ररेखा कश्यप, सुमन बघमार, मीना महेश वर्मा, देवकी वर्मा, करुणा वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, पिंकी वर्मा, शकुंतला वर्मा, सुमन वर्मा, सहित बड़ी संख्या में कुर्मी समाज के सदस्य सम्मिलित हुए।

# विद्युत मंडल ने आयोजित किया रजत जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खल्लारी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के गठन का 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत रजत जयंती महोत्सव का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। वहीं यह आयोजन खल्लारी विधुत सब स्टेशन अंतर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय में भी किया गया। जहां आयोजन के मुख्य अतिथि बागबाहरा जनपद पंचायत के जनपद प्रतिनिधि रामजी लाल सिन्हा, अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, महासमुंद विद्युत विभाग सहायक अभियंता मुक्तेश्वरी साहू, सहायक यंत्री अभिषेक शर्मा, शिक्षक रामाधीन यादव थे।

ग्राम पंचायत कार्यालय खल्लारी में आयोजित रजत जयंती महोत्सव आयोजन में उपस्थित अतिथियों व खल्लारी सब स्टेशन अंतर्गत गांवों के उपभोक्ताओं का सम्मान प्रशस्ति - पत्र व गुलाल, चंदन से किया गया। आयोजन के दौरान टेलीविजन पिक्चर्स के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के गठन के बाद से सरकार व विद्युत विभाग, बोर्ड के द्वारा प्रदेश में हर वर्गों के सुविधा को ध्यान रखते हुये किये गये कार्यों और उपभोक्ताओं के सुविधा को प्रमुखता से विधुत विकास का सफरनामा वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। इस दौरान रजत जयंती महोत्सव के आयोजन को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि बागबाहरा जनपद पंचायत के जनपद प्रतिनिधि रामजी लाल सिन्हा ने विभाग से लेकर उपस्थित सभी को छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती महोत्सव की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि विभाग की अथक परिश्रम, प्रयास, मेहनत, का परिणाम है। आज पुरा प्रदेश में 24 घंटे विद्युत विभाग के विभिन्न सेवाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं आयोजन को पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, सहायक अभियंता मुक्तेश्वरी साहू व अभिषेक शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन खेमचंद पटेल व अंत में आभार व्यक्त कनिष्ठ यंत्री प्रशांत तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खल्लारी कनिष्ठ यंत्री प्रशांत तिवारी, कनिष्ठ यंत्री आशुतोष पोर्ते, कैलाश महोबिया, परमानंद साहू, सोहन निषाद, बसंत साहू, मोहन राठौर, योगेश कश्यप, राम गोपाल जगत, तोमष साहू, भुवन भुंजिया, खेमचंद पटेल, कलाराम निषाद, धनंजय यादव, नेतराम साहू, डोमन साहू, डिगम्बर साहू, भावसिंग ध्रुव सहित उपभोक्ता, ग्रामीण व क्षेत्रवासियों की उपस्थिति बड़ी संख्या में रहा।




सहायक अभियंता मुक्तेश्वरी साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजना व कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्र के उन सभी उपभोक्ताओं को सम्मान स्वरूप, पावर कंपनी की ओर से प्रशस्ति - पत्रों से सम्मान किया गया। जिसमें रामाधीन यादव, माखन यादव, पदुम साहू, रामभजन साहू, कार्तिक सिन्हा, पंचुराम कलार, जोत कुमार साहू, संतोष कुमार बरिहा, ननकुराम गोंड, युगल किशोर शर्मा, भीम प्रसाद निषाद, उदय उलयराम रावत, दाऊ सिंग दीवान, मशीन कुमार चंद्राकर, थानुराम सिन्हा, भेखलाल सिन्हा, सियाराम साहू, संगीत चंद्राकर, सावित्री बाई भारद्वाज, मीना बाई ध्रुव, कन्हाई बाई पटेल शामिल थे। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक व उपभोक्ता उपस्थित रहे।

# कोसरिया मरार समाज ने मां भगवती शाकंभरी महोत्सव धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिरकोनी

- बिरकोनी में मरार (पटेल) समाज शाकंभरी महोत्सव मनाया
- शाकंभरी महोत्सव पर महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली

ग्राम बिरकोनी में रविवार 1 फरवरी को शक्ति मंदिर स्थित पटेल सामुदायिक भवन में मां शाकंभरी महोत्सव मनाई गई। जिसमें पटेल समाज द्वारा सुबह 10 बजे समाज के सभी महिलाओं व बालिकाएं एकत्रित होकर माता शाकंभरी की शोभा यात्रा निकाली गई।



शोभायात्रा मुख्यमार्ग से राम मंदिर चौक से होते हुए साहूपारा, से बाजार चौक, सुभाष चौक, भारतमाता चौक, आजाद चौक, अमन चौक से भाठापारा होते हुए। पूरा ग्राम भ्रमण कर वापस सामुदायिक भवन में समापन किया। समाज के सभी महिलाएं महोत्सव में माता शाकंभरी की पूजा-अर्चना के बाद समाज के प्रमुखों ने माता शाकंभरी को स्मरण किया। मुख्यातिथि अमर अरुण चंद्राकर, सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर, नंदगांव राज के अध्यक्ष तुकाराम पटेल, बलराम पटेल, नारद पटेल ने संबोधित किया। संध्या 5 बजे पूजा आरती के बाद भोग प्रसाद के साथ भंडार में श्रद्धालुओं को दाल, चावल, सब्जी, खीर पूड़ी वितरण किया गया।

इस अवसर पर छन्न पटेल, बलराम पटेल, हीरालाल पटेल, गिरधारी पटेल, केशव पटेल, घनश्याम पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भगवत पटेल, रोहित पटेल, मोहन पटेल, ओमप्रकाश पटेल, कौशल पटेल, पीतांबर पटेल, लालाराम पटेल, ओमकार पटेल, पूरन पटेल, इंकु पटेल का योगदान रहा।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर सत्संग भवन में विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक

**सरायपाली।** विश्व हिंदू परिषद का जिला स्तरीय बैठक सरायपाली के लक्ष्मी नारायण मंदिर (सत्संग भवन) में संपन्न हुआ। बैठक का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, ब्रम्हनाद, एकता मंत्र, विजय महामंत्र के साथ प्रारंभ हुआ, बैठक तीन सत्रों में हुआ प्रथम सत्र अभ्यास सत्र का हुआ। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री बसंत देवता ने विश्व हिंदू परिषद के आचार पद्धति बैठक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। द्वितीय सत्र योजना का हुआ। इसमें राजिम विभाग के विभाग मंत्री सौरव अग्रवाल ने धर्म रक्षा निधि वह वार्षिक कार्यक्रम के विषय पर मार्गदर्शन दिया, तृतीय सत्र संवाद में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर ने जिले में विगत 6 माह में हुए कार्यक्रम का वाचन किया, व धर्म रक्षा निधि के विषय में जानकारी दी। केंद्रीय बैठक में पारित प्रस्ताव का वाचन अनिता चौधरी, ममता शीतल मिश्रा, गितेश पंडा, गणेश राम साहू ने किया। बैठक में महासमुंद जिले के सभी प्रखंडों से कार्यकर्ता शामिल हुए। महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, व सरायपाली प्रखंड के विभाग, जिला, प्रखंड एवं खंड समिति के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक में सभी प्रखंडों के पालक अधिकारी तय किए गए, महासमुंद नगर एवं ग्रामीण के पालक अधिकारी सौरव अग्रवाल, बागबाहरा प्रखंड के पालक अधिकारी बसंत देवता, पिथौरा प्रखंड के पालक अधिकारी हर्षवर्धन चंद्राकर, बसना प्रखंड के उत्तम वर्मा व सरायपाली नगर व ग्रामीण के अखिलेश लूनिया को पालक अधिकारी का दायित्व दिया गया।

# राष्ट्रीय शालेय रग्बी एवं बेसबॉल चैंपियनशिप दिल्ली में जिले के 5 खिलाड़ियों का किया गया चयन

**महासमुंद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2025 - 26 का आयोजन दिनांक 30 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक दिल्ली में आयोजित किया गया है, जिसमें बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खोमन निषाद का चयन किया गया है, खोमन लाल निषाद पिता बंशी लाल निषाद कक्षा 12वी कॉमर्स में अध्ययनरत है। खोमन निषाद 26 से 28 जनवरी तक बिलासपुर में प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर 30 जनवरी से 3 फरवरी तक दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। राष्ट्रीय शालेय रग्बी चैंपियनशिप के लिए जिले के 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। खिलाड़ी त्यागराज स्टेडियम दिल्ली में अपने खेल का हुनर दिखाएंगे। 19 वर्ष बालक बालिका जिसमें जिले के 2 बालक एवं 2 बालिका का चयन हुआ है, बालक टीम के प्रशिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में पदस्थ व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई टीम में शामिल है। जिले के चयनित खिलाड़ियों में समीर कुमार यादव पिता राजेश कुमार यादव, भावेश तारक पिता नारायण तारक, शिवानी बघेल पिता दीपक बघेल एवं प्रांजली भारती पिता कन्हैया लाल भारती शामिल है। राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता जगदलपुर में आयोजित किया गया था जिसमें रायपुर जोन दोनों वर्ग में उपविजेता बनीं जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महासमुंद जिले के 04 रग्बी खिलाडियों का चयन दिल्ली के लिए हुआ।

# गढ़सिवनी स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पदुमन सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिवनी में वार्षिक उत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गढ़सिवनी की सरपंच खेमलता ध्रुव रहीं, जबकि अध्यक्षता डॉ. गैंद लाल पुष्पाकर, सदस्य सांसद प्रतिनिधि एसएमडीसी ने की।

कार्यक्रम में उपसरपंच रवि सोनकर, एसएमडीसी सदस्य अनिल सोनकर, पंच हरि साहू, संतोष साहू, शंभू सोनकर, कौशल साहू, राधे लाल पाटिल, जीवन लाल साहू, युगेंद्र साहू सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं विद्यालय भवन दानदाता दाऊ पदुमन सिंह सोनकर के छायाचित्र पर पूजन - अर्चन के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य तुलेंद्र कुमार सागर ने दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति, लोक संस्कृति एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



इस अवसर पर सरपंच खेमलता ध्रुव ने बोर्ड परीक्षा 2024 - 25 में 12वीं, 10वीं, 8वीं एवं 5वीं कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रतिवर्ष मेधावी विद्यार्थियों को इसी प्रकार पुरस्कृत करने की घोषणा कर बच्चों को अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. गैंद लाल पुष्पाकर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। इसके लिए उन्होंने विद्यालय परिवार को बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व शिक्षक भारत सिंह साहू, डॉ. मुकेश डड़सेना एवं पूर्णिमा मानिकपुरी ने भी अपने अनुभव साझा किए। अंत में प्रधान पाठक एचआर टंडन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाएं, छात्र परिषद के पदाधिकारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।



## राधाकृष्ण स्कूल बहेरापाली का हुआ वार्षिकोत्सव

**सरायपाली।** श्रीराधाकृष्ण इंग्लिश मीडियम स्कूल बहेरापाली (मंडल केदुवा विधानसभा) में वार्षिक उत्सव, सह - साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल थी। वहीं विशिष्ट अतिथियों में शिक्षा विभाग से बीईओ, विकासखंड समन्वयक, स्कूल समन्वयक, शासकीय - अशासकीय स्कूल समिति के पदाधिकारीगण, राधाकृष्ण इंग्लिश मीडियम स्कूल के कमेटी सदस्य, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, ग्रामवासी, पालक गण, स्कूल के डायरेक्टर जीतेंद्र चौहान, राधा चौहान, प्रिंसिपल एचके बाघ सह प्राचार्य गणेशी रात्रे एवं समस्त स्कूल स्टाफ के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। राधाकृष्ण इंग्लिश मीडियम स्कूल बहेरापाली की अध्यक्ष पुष्पलता चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा छग कार्यक्रम की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, मनमोहक नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस पर पुष्पलता चौहान ने कहा कि पढ़ाई के साथ - साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है।

# लोहारडीह में हुई संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

संकुल स्त्रोत केंद्र लोहारडीह में संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी को सरपंच सावित्री रामप्रसाद पटेल द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया। खेलकूद के आयोजन में संकुल स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा लोहारडीह के अंतर्गत समस्त विद्यालयों के विद्यार्थियों में शारीरिक मानसिक बौद्धिक व सांस्कृतिक दक्षता में वृद्धि हेतु यह आयोजन रखा गया। प्रमुख संयोजक संकुल समन्वयक गणेश टंडन व प्रधान पाठकगण रहे। नन्हें खिलाड़ियों के द्वारा उत्साह पूर्वक विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया, प्रमुख रूप से मेंढक दौड़ कुर्सी, दौड़ जलेबी दौड़, प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़ गोला फेंक रस्सीदौड़, खो-खो व कबड्डी में उत्कृष्ट नन्हे खिलाड़ियों ने अपना लोहा मंगवाया और अपनी प्रतिभाओं से ग्राम लोहारडीह, घोंघीबाहरा, बंजारी, उलट कोडार बनसिवनी, परसापानी, पेंड्राडीह से पहुंचे समस्त पालक ग्रामवासियों का मन मोह लिया।

अगले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण 29 जनवरी को सांस्कृतिक बेला में इन नन्हे ओलंपियाड खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर, व ब्रॉन्ज मैडल, चैंपियंस



ट्रॉफी, कप आदि पुरस्कार प्रदान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के आसंदी पर मोगरा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष महासमुंद, अध्यक्षता सावित्री राम प्रसाद पटेल, विशिष्ट अतिथियों में चेनेशकांत डहरिया उपसरपंच ग्राम पंचायत लोहारडीह सरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद पटेल जीवनलाल साहू सांसद प्रतिनिधि, सुखीराम साहू विधायक प्रतिनिधि, जगमोहन यादव अध्यक्ष एसएमडीसी, होरीलाल साहू रहे पुरस्कार वितरण में खेल पुरस्कार प्रतिभावान विद्यार्थी पुरस्कार बोर्ड परीक्षा 5वी याचिका बंजारे, डायमंड निषाद 8वीं तेजेश्वरी पटेल, रत्नेध बरिहा 10 वीं, तरुण भारती, दुष्यंत भारती, 2023-24 टॉपर विनीता करकरमे संकुल स्तर पर, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान डोमन लाल साहू, मॉडल स्कूल सम्मान उत्कृष्ट सहायक कर्मचारी सम्मान, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नृत्य को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम संयोजक गणेश टंडन संकुल समन्वयक लोहाररडीह, प्राचार्य शिव प्रसाद मरकाम, प्रधानपाठक गण पूरण कुमार साहू, रोमन चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, मुकेश साहू, तरुण कहार, रानू शर्मा, गजेंद्र टंडन आदि कार्यक्रम का संचालन डोमन लाल साहू शिक्षक ने किया। कार्यक्रम में नेहा सिंह, अनिता एक्का, देवराज सेन, व्याख्याता कुलदीप सिंह, जीवन प्रकाश, योगेश कुमार, रमाशंकर शर्मा, दीपक कुमार मिश्रा यागेश कुमार ध्रुव, उत्तम वर्मा, हेमलता साहू, मंदाकिनी साहू, दुर्गा साहू, दुर्गा कमार, सोमेश्वर, लुकेश कुमार यादव, काशीराम ध्रुव, गोकुल देवांगन, भारत सारथी, अंजलि साहू, सफाई कर्मचारी बिसाहू राम साहू उपस्थित रहे।



## सामाजिक सहभागिता अंतर्गत माता उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सरायपाली।** विकासखंड में सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत पालक ,शिक्षक, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति माता उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का सफल आयोजन शासकीय हाई स्कूल बाराडोली में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी हरिश्चंद्र पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत सरायपाली, अध्यक्षता कैलाश साहू सरपंच ग्राम पंचायत बाराडोली, विशिष्ट अतिथि उषा लाल कुमार पटेल सभापति महिला एवं बाल विकास , डॉ प्रकाश पटेल भाजपा मंडल महामंत्री दण्डधर साव मंडल अध्यक्ष केदुवां, ब्रजबंधु मिश्र वरिष्ठ नागरिक बारडोली (भारत माता मूर्ति दाता) प्रेमलाल साहू उप सरपंच प्रतिनिधि बाराडोली, एनपी मांझी सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बाराडोली, साधुराम साहू वरिष्ठ नागरिक, डॉ सुभाष साव शिक्षाविद योग शिक्षक के द्वारा भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण कर, पूजा अर्चना किया गया।

## खबर संक्षेप



### जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में अपर कलेक्टर रवि साहू ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए। जन चौपाल में ग्राम पंचायत ढोड़ सरपंच ने पेयजल की समस्या के सबंध में आवेदन दिए। इसी प्रकार ग्राम बरेकेल पिथौरा निवासी मंशाराम ने त्रुटि सुधार के लिए, ग्राम जोबा महासमुंद निवासी चेतन लाल साहू ने श्रमिक पंजीयन कार्ड में संशोधन के संबंध में एवं ग्राम खरोरा के हुलास चंद्राकर ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने हेतु आवेदन किए। इसके अलावा पीएम आवास, रकबा संशोधन, भौतिक सत्यापन त्रुटि सुधार एवं अवैध अतिक्रमण आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, सृष्टि चंद्राकर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### पुलिस का अभियान, पौने दो सौ वारंटी गिरफ्तार

**रायपुर।** सेंट्रल जोन पुलिस ने अभियान चलाकर सोमवार को 181 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने उक्त अभियान एसीपी अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन में तथा डीसीपी उमेश गुप्ता के निर्देशन में किया। अभियान के तहत पुलिस ने सात थाना क्षेत्र में वारंटियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी की है। पुलिस के अनुसार वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## स्पोर्ट्स : विखं स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता बसना में संपन्न

# खेलों में बेटियां बढ़ा रहीं देश का मान : खुशबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेल एवं युवा कल्याण, महासमुंद

- 9 से 18 वर्ष के 100 मीटर दौड़ में खुशी प्रधान, 400 मीटर दौड़ में प्रिया बनीं विजेता
- 18 से 35 वर्ष के 100 मी. एवं 400 मी. दौड़ में कांति निषाद बनीं विजेता, तवा फेंक में गोमती बनीं विजेता



द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खटखटी विकासखंड बसना में किया गया। जिसका शुभारंभ प्रतिभा पब्लिक स्कूल खटखटी में खुशबू अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत बसना के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

खुशबू अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न खेलों में आज देश की बेटियों ने राष्ट्र का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि दीपा अरुण साहू ने खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उत्साहवर्धन किया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं में खेल प्रतिभा को मंच प्रदान कर प्रोत्साहित करना एवं खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्ग 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष में आयोजित की गई, जिसमें विकासखंड की महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

9 से 18 वर्ष आयु वर्ग अंतर्गत 100 मी. दौड़ में खुशी प्रधान दुरुगपाली विजेता रहीं। 400 मी. दौड़ में प्रिया बोली सेजेस हिंदी माध्यम बसना विजेता रहीं। तवा फेंक में लक्ष्मी सिदार सेजेस हिंदी माध्यम बसना विजेता रहीं। इसी तरह 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत 100 मी. और 400 मी. दौड़ में कांति निषाद स्व. पं.जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तवा फेंक में गोमती जगत स्व. पं.जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### खो-खो स्पर्धा दुरूगपाली स्कूल और शासकीय महाविद्यालय बसना ने जीती

सामूहिक खेलों के अंतर्गत खो-खो 9-18 वर्ष आयु वर्ग में पू.मा.शाला दुरुगपाली विजेता रही। रस्साकसी 9-18 वर्ष आयु वर्ग में सेजेस हिंदी माध्यम बसना और वॉलीबॉल में सेजेस अंग्रेजी माध्यम बसना ने बाजी मारी। इसी तरह 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के खो-खो और रस्साकसी में स्व. पं.जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना ने जीत दर्ज की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शीत गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत बसना एवं अध्यक्ष स्काउट गाइड ने कहा कि नीलांचल सेवा समिति हमेशा से ही खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए मंच प्रदान करती रही है और यह आयोजन प्रमुखता से महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का एक मंच है, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे बढ़ेंगे। बतौर मुख्य अतिथि राकेश डड़सेना सभापति नगर पंचायत बसना और मंदाकिनी सिदार क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय बसना खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्ष मेहरुन्निसा खातून प्राचार्य प्रतिभा पब्लिक स्कूल खटखटी ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के विकासखंड नोडल भूपेंद्र प्रधान ने बताया कि यहां के विजेता खिलाड़ी जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के सफल बनाने में व्यायाम शिक्षक शंभूनाथ प्रधान, कुबेर प्रधान, सत्यनारायण ठाकुर, दुर्योधन पटेल, रुपधर पटेल, कन्हैयालाल भोई, जौशिक सामल, तुषारकांत सिन्हा, सुदाम नायक, गुलशन साव, अंजलि साहू, संगीता, चित्रा एवं सपना का सहयोग रहा।

## शिक्षकों की नवाचारी पहल, सिरपुर महोत्सव में विकसित भारत– विकसित कक्षा पर शैक्षणिक स्टॉल आकर्षण का केंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

सिरपुर महोत्सव 2025 के अवसर पर बागबाहरा विकासखंड के चार नवाचारी शिक्षकों डॉ विजय शर्मा, रिंकल बग्गा, अमित कुमार उइके एवं दीपा महार द्वारा विकसित भारत–विकसित कक्षा विषय पर एक प्रेरणादायी शैक्षणिक स्टॉल का आयोजन किया गया। इस स्टॉल का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रदर्शित करना था।

स्टॉल में अनुभव आधारित शिक्षा, गतिविधि व खेल-आधारित शिक्षण, फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमेरेसी, डिजिटल शिक्षण संसाधनों तथा 21वीं सदी के कौशलों पर आधारित मॉडल, चार्ट एवं शिक्षण सामग्री प्रदर्शित की गई।

इन नवाचारों के माध्यम से यह दर्शाया गया कि कक्षा को कैसे रुचिकर, प्रभावी और बाल-केंद्रित बनाया जा सकता है। स्टॉल में माई फीली बैग गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक का विकास करना है। इसमें न सिर्फ बच्चों ने बल्कि मेले में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों, पालकों ने भी भाग लिया। गतिविधि पूर्ण करने पर प्रोत्साहन हेतु एक चॉकलेट दी गई।

### कोमाखान कॉलेज के एवन कुमार का राज्य हैंडबॉल टीम में चयन

**कोमखान।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में अध्यनरत बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र एवन कुमार ने राज्य स्तरीय हैंडबॉल टीम में अपनी जगह बनाई है। एवन कुमार की यह उपलब्धि खेल में रुचि रखने वाले अंचल के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। एवन 4 और 5 फरवरी में होने वाली राज्य स्तरीय हैंडबॉल मैं बलौदा बाजार टीम के सदस्य के रूप में हिस्सा लेंगे। इस उपलब्धि के लिए एवन कुमार और महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आदिल अहमद को प्राचार्य डॉ पुरुषोत्तम झा सहित महाविद्यालय परिवार ने बधाई हर्ष जताया है।



## अमलीडीह में शाला का वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम अमलीडीह स्थित शासकीय शाला में वार्षिकोत्सव समारोहपूर्वक सम्मान हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सिन्हा रहीं। अध्यक्षता ग्राम पंचायत अमलीडीह के सरपंच मिथिलेश पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम सिन्हा, उपसरपंच पिंकी ध्रव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों ने सराहा। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और प्रतिभा निखरती है। इस अवसर पर लेखराम साहू, महावीर यादव, विष्णु निषाद, नंदकुमार यादव, हंसराम साहू, घसियाराम सिन्हा, गणेशराम ठाकुर, सादराम सिन्हा, गोपाल साहू, गिरधर साहू, तरुण साहू, नमन डड़सेना, समीर ध्रव, प्रदीप पटेल, मयंक सिन्हा, हीरामणि यादव (पंचायत सचिव) सहित विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य अनुराग दीक्षित, प्रधानपाठक विक्रम वर्मा, अन्नपूर्णा दीक्षित, हरिकृष्ण पटेल, ज्ञानेंद्र मारकंडे, आशुतोष दीक्षित, हेमसागर नायक, रामगोपाल ठाकुर, संतोषी ठाकुर, निर्मला दीक्षित, कामिनी पटेल, निशा डड़सेना, रमा दीक्षित एवं रेणुका डड़सेना की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# जोगनीपाली में रासेयो के माध्यम से विद्यार्थियों ने सीखा समाज से जुड़कर काम करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' थीम पर कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम जोगनीपाली में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों ने गली मोहल्ले, नाली, मंदिर परिसर, तालाब घाट, पंचायत भवन परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में स्वच्छता अभियान चला कर लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास किया गया।

स्वयंसेवकों का शिविर में स्वास्थ्य जांच हुआ। तथा बागवानी करने की विधि, विधिक एवं साइबर सेल की जानकारी, नशा के दुष्प्रभावों तथा बैंकिंग व डिजिटल साक्षरता के बारे में जानकारी प्राप्त किये। रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रैली के माध्यम से विविध जन-जागरूकता कार्य जिसमें नशामुक्ति, मतदाता जागरुकता, साक्षरता, एड्स जागरुकता, पोषण आहार पर भी स्वयंसेवकों ने काम किया। यह सात दिवसीय शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए होता है जिसमें वे समाज से जुड़कर कार्य करते हैं। यह शिविर 27 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित हुई। शिवकुमारी चौधरी सरपंच ग्राम पंचायत जोगनीपाली के मुख्य आतिथ्य एवं अनिता पटेल प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में सरिता पटेल सचिव ग्राम पंचायत जोगनीपाली, कामता प्रसाद पटेल संकुल समन्वयक बालसी, पद्मिनी सतपथी प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला जोगनीपाली एवं अंजेला लकड़ा, दिलीप प्रधान, मनोहर सिंह, उपस्थित रहे और सभी के द्वारा स्वयंसेवकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए गांव में किये कार्यो की प्रसंशा किये। सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान की गई, साथ ही शिविर संगठक कौशल चौधरी, शिविर दलनायक जीतू साहू, उप दलनायक धर्मेंद्र भोई एवं अन्य दल प्रभारी सोमेश साव, मोजेश कुमार, जावेद नंद, योगिता प्रधान, यशोदा साव को मोमेंटो से सम्मानित किया गया। मोजेश कुमार श्रेष्ठ दल प्रभारी के रुप में और सुभाष बिशी, संतोषिनी धवल को रासेयो के विभिन्न गतिविधियो में अधिक सक्रिय भूमिका होने पर श्रेष्ठ स्वयंसेवक के रुप में सम्मानित होने का गौरव मिला। समापन समारोह में शासकीय प्राथमिक शाला के सभी विद्यार्थी, स्वयंसेवक एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



शिविर सफलता पूर्वक संपन्न होने पर डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक एवं जितेंद्र कुमार पटेल, डॉ गजानंद नायक, रमेश कुमार पटेल, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबरगिया, प्रेरणा प्रधान, अनूपा निषाद, ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान, आशुतोष मालवीय, संजय पटेल, भवानी साहू एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

## खुशी हो या गम प्रकृति संवारे हम, पटेल की स्मृति में ग्रीन केयर ने भेंट किए पौधे




**तेंदूकोना।** प्रकृति संरक्षण की दिशा में खुशी हो या ग़म प्रकृति संवारे हम। जन्म, विवाह स्मृति पर्व, उत्सव हर अवसर पर पौधा भेंटकर प्रकृति संरक्षण का संदेश देने की कड़ी में ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा भरवामुड़ा निवासी स्व.देवलाल पटेल के दशगात्र कार्यक्रम में पौधा भेंट किया गया। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के मार्गदर्शन में संस्था के वरिष्ठ पंडित भागीरथी दुबे भरवामुड़ा पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान करते हुए पौधा भेंट किया। परिजनों से कहा दिवंगत देवलाल पटेल की स्मृति में इसे रोपित करें। और भी पौधे लगाएं बड़ा कर वृक्ष बनाएं। स्मृति सदैव साथ रहेगी तथा पर्यावरण संरक्षण होगा। लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी। इस अवसर पर मखियार पटेल, कैलाश पटेल, धनेश पटेल, उर्मिला पटेल, गोवर्धन पटेल, गेंदराम पटेल, कौशल्या पटेल, टिकेश्वरी पटेल, कृष्ण कुमार पटेल सहित अतिथि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विद्युत मंडल झलप ने मनाया छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव



**झलप।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण राज्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके तहत विद्युत वितरण केंद्र झलप के अंतर्गत ग्राम पंचायत छिलपावन के मिडिल स्कूल प्रांगण में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था। मुख्य अतिथि बलविंदर सिंह सलूजा सभापति, जनपद सदस्य झलप राकेश साहू सरपंच, ग्राम पंचायत झलप राधेश्याम पटेल सरपंच, ग्राम पंचायत छिलपावन, उपसंभाग झलप के सहायक अभियंता मुकेश कुमार सिन्हा, विद्युत वितरण केंद्र झलप के कनिष्ठ अभियंता अरविंद खांडे, लाइन स्टाफ से गेंदराम गिलहरे, महेश्वर मार्को, विशंभर कश्यप, अजय कुमार एवं सभी विद्युत कर्मचारी एवं आस पास के सभी विद्युत उपभोक्तागण और ग्रामवासी के समक्ष विधुत का सही उपयोग और पीएम सूर्य घर योजना, बीपीएल उपभोक्ता, कृषि पंप से जुड़े उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

## शीतला तालाब में नाली निर्माण कार्य का पालिकाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15, 16 एवं 17 स्थित शीतला तालाब में नाली निर्माण का भूमिपूजन तीनों वार्डों के पार्षदों की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर की। नाली के निर्माण से बरसात के मौसम में होने वाली जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।



पालिका अध्यक्ष साहू ने निर्माण कार्यों की सौगात मिलने पर वार्ड वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नाली बनने से आवागमन सुगम हो जाएगा। नाली निर्माण से न केवल सफाई व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि बरसात के मौसम में होने वाली अनेक परेशारियों से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

इस दौरान प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, पार्षद गण मुस्ताक खान, नीरज चंद्राकर, धनेंद्र चंद्राकर, भाऊ राम साहू, सुनैना पप्पू ठाकुर, चंद्रशेखर बेलदार, राहुल आवड़े, धनेश्वरी सोनवानी, पूर्व पार्षद विष्णु चंद्राकर, धरम चंद्राकर, मंजू, उषा, बिशनी, मानबाई ध्रुव सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नगर में जगह-जगह टूटे स्लैब की मरम्मत नहीं हो रही : राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महामाया मंदिर रोड के 10 फीट गहरी नाली में टूटे स्लैब के कारण एक महिला गिरने से घायल होने पश्चात पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, पार्षद माखन पटेल, वार्ड क्रमांक 15 पार्षद प्रतिनिधि संजय कहार ने घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। राठी ने बताया कि घटनास्थल में हमेशा लोगों का आवागमन बना रहता है। महामाया तालाब के किनारे रोड से लगी 10 फीट गहरा नाला है। इसके जगह-जगह ढके हुए स्लैब टूटे हुए है, जिसके कारण पूर्व में भी हादसा हो चुका है। बुजुर्ग महिला के नाली में गिरने की घटना दुर्भाग्यजनक है। छठ पूजा के समय अधिकारी-कर्मचारियों के ध्यान में लाया गया था और



शीघ्र मरम्मत स्लैब का निर्माण करने कहा गया था, लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार लोग कुंभकर्णी की नींद में है, जिसके कारण यह घटना घटित हुई। शहर में ऐसे और बहुत से जगह हैं जहां बड़ी नालियों के स्लैब टूटे हुए हैं, जिनकी मरम्मत की आवश्यकता है।

एकता चौक से नयापारा जाने वाले रोड में 5 फीट चौड़ा गड्ढा किया हुआ है जिसकी रिपेयरिंग नहीं की गई। पीआईसी की बैठक भी उनके द्वारा चर्चा की जा चुकी है। घटनास्थल से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे को दूरभाष पर शीघ्र स्लैब निर्माण कर नाली के टूटे जगह को ढंकने के लिए कहा गया। जिससे कि भविष्य में और कोई बड़ी दुर्घटना ना हो जाए। इसी तरह गार्डन के झूले भी टूटे पड़े हैं, जिसकी मरम्मत करना अत्यंत आवश्यक है।

## बम्हनी विद्यालय में 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न


**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में दिनांक 2 फरवरी 2026 को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों का पुष्पवर्षा, तिलक एवं आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गीत-संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताते हुए आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने का मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन स्मृति-चिह्न भेंट, शुभकामनाओं एवं आत्मीय विदाई के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।




HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय कबीर सत्संग ज्ञान समारोह 5 से



**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह बाजार चौक में दो दिवसीय कबीर सत्संग ज्ञान समारोह का शुभारंभ 5 फरवरी गुरुवार को होगा। संगीतमय साध्वी ज्योति साहेब अपने सन्त मंडली के साथ साध्वी आश्रम सुठालिया जिला-राजगढ़ मध्यप्रदेश वाले द्वारा किया जाएगा। एवं साथ ही भजन मंडलीय भी अपना प्रस्तुती देंगे। कार्यक्रम 5 व 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक और शाम 3 से 5 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त कबीर पंथी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। सभी ग्रामीणों को उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी उपसरपंच आकाश निषाद ने दी।

### बजट स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक : मुकेश



**खरोरा।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। चंद्राकर ने बताया कि बजट में औषधि प्रशिक्षण शालाओं की स्थापना का निर्णय दवा निर्माण, अनुसंधान और गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाएगा। वहीं आयुष सेक्टर को सशक्त करते हुए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

### लापरवाही के चलते शिक्षक निलंबित

**झलप।** प्राथमिक विद्यालय कमार डेरा ( जोरा) में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) अशोक कुमार ठाकुर को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा निलंबित किया गया है। ज्ञात हो पूर्व में भी कई बार अनुपस्थित को लेकर नोटिस जारी किया गया था। वर्तमान में कई दिनों से अनुपस्थित की शिकायत की जांच विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने जांच में पाया कि अशोक कुमार ठाकुर 20 सितंबर 2025 से स्कूल में बिना सूचना के अनुपस्थित थे और नोटिस का भी जवाब भी नहीं दिया गया। इस पर उन्होंने उनके निलंबन करने की अनुशंसा की गई, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने यह कार्रवाई की गई।

### स्वाध्याय भवन में कराया जा रहा निःशुल्क योगाभ्यास

**महासमुंद।** कॉलेज रोड स्थित स्वाध्याय भवन में इन दिनों निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। शिविर में पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव एवं भारत स्वाभिमान मंच के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र राय द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। शिविर में लोगों को योगासन एवं प्राणायाम का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है, साथ ही उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है।

# मनरेगा बचाने खल्लारी के गांवों में चला जनजागरुकता अभियान

## जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- खल्लारी विधायक यादव ने ग्रामीणों से संवाद की चर्चा

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में कांग्रेस ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में जन जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। इस दौरान मनरेगा को कमजोर कर धीरे-धीरे समाप्त करने की कथित साजिश के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लागू मजबूत मनरेगा और भाजपा सरकार के दौरान कमजोर किए गए मनरेगा के अंतर को ग्रामीणों को बारीकी से समझाते हुए कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को काम की कानूनी गारंटी प्राप्त थी, जिसके अनुसार काम मांगने पर 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य था, लेकिन भाजपा सरकार द्वारा किए गए संशोधनों से यह अधिकार समाप्त होने की कगार पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब मनरेगा सरकार की मर्जी से बांटी जाने वाली योजना बनती जा रही है, जिसमें यह तय किया जाएगा कि किस ग्राम पंचायत को काम मिलेगा और किसे नहीं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि पहले मनरेगा का अधिकांश खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी और राज्यों पर मात्र 10 प्रतिशत का भार था, लेकिन अब यह बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त बोझ पडेगा। उन्होंने ग्रामीणों से संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक उनके साथ खड़ी रहेगी।

### मनरेगा को खत्म करने की साजिश

मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव सहित कांग्रेसजनों ने ग्राम परसुली और खट्टी में जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक यादव ने ग्रामीणों, मजदूरों और महिलाओं को भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर कर धीरे-धीरे समाप्त करने की कथित साजिश के बारे में जानकारी दी।



### कांग्रेसी उपस्थित रहे

इस दौरान प्रमुख रूप से भूपेंद्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष किशोर चतुर्वेदी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस उत्तम राणा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संतोष पटेल, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, तूफान दीवान, पोखन महानंद, एनू पांडे, दिगंबर देवांगन, गोलू साहू, भीष्मप्रताप साहू सहित परसुली में सरपंच जलसिंह पांडे, कैलाश पटेल, हरख चक्रधारी, कौशिक चक्रधारी, पूरन तांडी, बच्चूलाल यादव, कपूरचंद उपस्थित थे।

## आंदोलन : तहसील कार्यालय के सामने डटे किसान

# धान खरीदी नहीं होने से किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नहीं होने के विरोध में किसानों का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। तहसील कार्यालय के सामने सैकड़ों किसान अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। धरने के समर्थन में जिला स्तर के किसान नेता जुगनू चंद्राकर, प्रदेश महासचिव भारतीय किसान यूनियन टिकैत तेजराम विद्रोही और किसान संगठन सिफ़ा नेशनल सेक्रेट्री पारसनाथ साहू पिथौरा पहुंचे और किसानों को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया।

किसान नेताओं ने कहा कि बड़ी संख्या में किसानों का धान नियमानुसार नहीं खरीदा गया। किसानों ने पहले शासन-प्रशासन से लगातार धान खरीदी की मांग की, लेकिन जब मांग पूरी नहीं हुई तो सोमवार से किसान तहसील कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

इस बीच किसान नेता सादराम पटेल ने स्थानीय थाना प्रभारी पर किसानों को धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि धरनास्थल से टेंट उखाड़कर जब्त करने की धमकी दी जा रही है। धरने को समर्थन देने पहुंचे किसान नेता जुगनु चंद्राकर, तेजराम विद्रोही और पारसनाथ साहू ने घोषणा की कि बुधवार से जिला मुख्यालय में भी किसान अनिश्चितकालीन धरना की शुरुआत करेंगे। अगले चरण में मुख्यमंत्री निवास के घेराव का भी कार्यक्रम तय किया जाएगा।

### धरनास्थल बना संघर्ष का प्रतीक, चूल्हा जलाकर किसानों ने जताई एकजुटता

धरनास्थल पर बैठे किसानों ने आंदोलन के दौरान वहीं सामूहिक रूप से खाना बनाकर भोजन किया। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे धरनास्थल नहीं छोड़ेंगे। चूल्हा जलाकर, बर्तनों में दाल-चावल पकाकर और एक-दूसरे के साथ भोजन करते हुए किसानों ने एकजुटता का संदेश दिया। उनका कहना है कि यह आंदोलन सिर्फ धान खरीदी का नहीं, बल्कि उनके सम्मान और अधिकार की लड़ाई है, जिसे वे हर हाल में शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाते रहेंगे।

# देश कभी नहीं भूलेगा कोरोना योद्धाओं का योगदान : केशव

**स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लाक कार्यकारिणी का गठन संगठन कैलेंडर का विमोचन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लाक कार्यकारिणी का गठन एवं संगठन कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम 28 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की बड़ी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान, सरपंच एडिसन ठाकुर, गिरीश पटेल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर, राजेंद्र पैकरा सहित अनेक गणमान्यजन मंचासीन रहे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की नवीन ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें चंद्र कुमार तांडे को ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही संगठन के संरक्षक मनोज गायकवाड़, अगेश कुमार यादव, रुपेश पटेल, महेश राम निर्मलकर तथा महिला प्रकोष्ठ की ब्लाक अध्यक्ष मालती यादव सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

मुख्य अतिथि केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन जब भी जनहित और कर्मचारियों के हित में सहयोग की अपेक्षा करेगा, वे हमेशा मजबूती से उसके साथ खड़े रहेंगे। चंद्राकर ने कहा कि जब पूरा देश कोरोना काल में भय और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था, तब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की सेवा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी उस समय केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज के लिए सच्चे योद्धा बनकर खड़े थे। उन्होंने संगठन से आह्वान किया कि एकजुट होकर कर्मचारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाएं और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में संगठन के भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

# जीत-हार से बड़ी होती है खेल भावना : द्वारिकाधीश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम हिच्छा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव थे। पूजा अर्चना के बाद विधायक यादव ने कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हुआ।



विधायक यादव ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल बहुत आवश्यक है, लेकिन खेल के साथ ही पढ़ाई भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण है खेल भावना। इसलिए प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कबड्डी का खेल हमारी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल है जो चुस्ती फुर्ती के साथ-साथ एकता की भावना का खेल है। कबड्डी के रेडर खिलाड़ी के द्वारा कबड्डी.. कबड्डी बोलने से खेल में जोश आ जाता है, जिसमें खिलाड़ी अपने खेल दिखाते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने के लिए अपना सर्वस्व निछावर करते हैं। आने वाला समय में अनेक खिलाड़ी कबड्डी के खेल में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इसके पहले विधायक यादव ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका परिचय लिया और उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमरू राम, प्रह्लाद साहू, शेरसिंग यादव, कुंती तुलसी, संतोष चंद्राकर, संजीव चंद्राकर, अरविंद महानंद, भूपेंद्र साहू, चन्द्रशेखर यादव, सन्नी साहू, शिवम साहू, खेमराज साहू, धरम, संतोष साहू, मेहत्तर, सोमनाथ, संजय चंद्राकर, हरख राम, डिगू यादव, पावेश साहू, कुणाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# शिक्षा के साथ संस्कृति और खेल जरूरी, तभी होगा सर्वांगीण विकास : डॉ. संपत अग्रवाल

## बंसुला के किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में वार्षिकोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बंसुला में स्थित किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. संपत अग्रवाल द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। एक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां अत्यंत अनिवार्य हैं। ऐसी गतिविधियों से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा बाहर आती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।



विधायक डॉ. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। आप केवल पढ़िए मत, बल्कि सीखिए। कड़ा परिश्रम और अनुशासन ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। आने वाला समय तकनीक और नवाचार का है, इसलिए स्वयं को हर क्षेत्र में दक्ष बनाएं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में इस तरह के शिक्षण संस्थान बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर क्षेत्र के भविष्य को गढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर कबीर कुटी तरेकेला महंत लखन मुनि, कथावाचिका अयोध्या ज्योति शास्त्री, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नोबिना अमृत जगत, डायरेक्टर नीलू आर। के दास, जनपद बसना सभापति प्रकाश सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार संघ सेवक दास दीवान, वरिष्ठ पत्रकार बीएल दास, साहू समाज अध्यक्ष महेंद्र साव, पूर्व अध्यक्ष साहू समाज पंकज साव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शिक्षक आरबी प्रधान, निज सचिव नरेंद्र बोरे, बीआरसीसी बसना अनिल सिंह, प्रबंधक सहकारी बैंक अमृत लाल जगत, पत्रकार एवं डायरेक्टर ऋषिकेश दास, विवेक दास, सभापति अभय धृतलहरे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि ऋषिकेश पटेल, प्राचार्य भागवली जगत, बंसुला सरपंच नवीन साहू, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक गण, भारी संख्या में अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर जोगनीपाली में लगाया गया

# नशामुक्ति को लेकर स्वयंसेवकों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा जोगनीपाली में आयोजित विशेष शिविर के चौथे दिवस पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता, युवा शक्ति और सांस्क तिक अभिव्यक्ति का सुंदर संगम बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनीता चौधरी, समाजसेविका एवं राष्ट्रीय सदस्य, मानवाधिकार आयोग की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोहर खाखा, पूर्व जनपद अध्यक्ष, उपस्थित रहे। कार्यक्रम बेहद ही उत्साहपूर्वक वातावरण, सहभागिता और सामाजिक एकजुटता से भरा था। इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल सेवा गतिविधियाँ करना नहीं, बल्कि सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना भी है। इसी क्रम में सांस्कृतिक संध्या का प्रमुख विषय नशामुक्ति अभियान रखा गया।




स्वयंसेवकों ने गीत, नाटक, लोकनृत्य और नुक्कड़ प्रस्तुतियों के माध्यम से शराब, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों को न प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने इन प्रस्तुतियों को बड़े ध्यान से देखा और संदेश को सराहा। मुख्य अतिथि डॉ. अनीता चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस का मूल मंत्र नाट मी बट यू समाज सेवा की सच्ची भावना को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी केवल शिक्षार्थी नहीं, बल्कि समाज के पथप्रदर्शक हैं। जब युवा नशामुक्ति, स्वच्छता, शिक्षा और जागरूकता जैसे अभियानों से जुड़ते हैं, तब समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति, परिवार और पूरे समुदाय को कमजोर करती है। अनेक परिवार आर्थिक, मानसिक और सामाजिक संकटों से गुजरते हैं। ऐसे में युवाओं द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान एक सामाजिक क्रांति के समान है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे केवल शिविर तक सीमित न रहें, बल्कि जीवनभर समाजसेवा को अपना संकल्प बनाएं।

इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझें और गांव के विकास में भागीदार बनें। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्थानीय लोकसंस्कृति की झलक भी देखने को मिली। आदिवासी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेश से भरपूर लघु नाटकों ने दर्शकों को भावुक और प्रेरित किया।

